# LOK SABHA DEBATES

**(Part I — Proceedings with Questions and Answers)**

***The House met at Eleven of the Clock***

**Friday, April 04, 2025 / Chaitra 14, 1947 (Saka)**

## HON’BLE SPEAKER

**Shri Om Birla**

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Jagdambika Pal

Shri P. C. Mohan

Shrimati Sandhya Ray

Shri Dilip Saikia

Kumari Selja

Shri Raja A.

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

Shri Krishna Prasad Tenneti

Shri Awadhesh Prasad

# LOK SABHA DEBATES

## PART I – QUESTIONS AND ANSWERS

**Friday, April 04, 2025 / Chaitra 14, 1947 (Saka)**

**CONTENTS** **PAGES**


| | |
|---|---|
| **ORAL ANSWER TO STARRED QUESTION (S.Q. NO. 481)** | **1 – 30** |
| **WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS (S.Q. NO. 482 – 500)** | **31 – 50** |
| **WRITTEN ANSWERS TO UNSTARRED QUESTIONS (U.S.Q. NO. 5521 – 5750)** | **51 – 280** |

सत्यमेव जयते

# LOK SABHA DEBATES

**(Part II - Proceedings other than Questions and Answers)**

**Friday, April 04, 2025 / Chaitra 14, 1947 (Saka)**

# LOK SABHA DEBATES

## PART II – PROCEEDINGS OTHER THAN QUESTIONS AND ANSWERS

***Friday, April 04, 2025 / Chaitra 14, 1947 (Saka)***

| C ON T E N T S | P A G E S |
|---|---|
| MESSAGES FROM RAJYA SABHA | 281 |
| … | 282 |
| VALEDICTORY REFERENCE | 283 |

**xxxx**

(pp. 2-30)

(1100/NK/VR)

… (व्यवधान)

1101 बजे

(इस समय श्री श्री बी. मणिक्कम टैगोर, डॉ. मोहम्मद जावेद और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

… (व्यवधान)

**(प्रश्न 481)**

**सुश्री बाँसुरी स्वराज (नई दिल्ली) :** अध्यक्ष महोदय, मेरा माननीय मंत्री जी से सवाल है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के मौजूदा बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए मोदी सरकार ने क्या कदम उठाए हैं? … (व्यवधान)

**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी:** माननीय अध्यक्ष महोदय, प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य है, संकल्प है। … (व्यवधान) हम मिशन सक्षम पोषण कार्यक्रम 2.2 को लेकर काम कर रहे हैं, वहां पेयजल की व्यवस्था हो शौचालय की व्यवस्था हो। … (व्यवधान) सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र में हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध हों, बच्चों को पोषाहार देते हैं, उन बच्चों को सही तरह से पहुंचे। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: प्लीज माननीय सदस्य अपनी सीट पर जाएं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: सभी माननीय सदस्यों को बोलने के लिए पर्याप्त समय और अवसर दिया है। यह संसद की मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: आप अपनी-अपनी सीट पर जाइए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है। मैं फिर आपसे आग्रह कर रहा हूं कि अपनी-अपनी सीट पर जाएं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** सदन की कार्यवाही बारह बजे के लिए स्थगित की जाती है।

1104 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा बारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

(1200/MK/SNT)

*The Lok Sabha re-assembled at Twelve of the Clock.*

(Hon. Speaker *in the Chair*)

## MESSAGES FROM RAJYA SABHA

1200 hours

SECRETARY GENERAL: Sir, I have to report the following messages received from the Secretary General of Rajya Sabha:-

(i) "In accordance with the provisions of rule 127 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on the 3rd April, 2025 and continued on the 4th April, 2025 agreed without any amendment to the Waqf (Amendment) Bill, 2025 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 2nd April, 2025 and continued on the 3rd April, 2025."

(ii) "In accordance with the provisions of rule 127 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on the 3rd April, 2025 and continued on the 4th April, 2025 agreed without any amendment to the Mussalman Waqf (Repeal) Bill, 2025 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 2nd April, 2025 and continued on the 3rd April, 2025."

-----

**माननीय अध्यक्ष :** किरेन रिजिजू जी, क्या आप कुछ बोलना चाहते हैं?

**संसदीय कार्य मंत्री; तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू) :** सर, मैं इस सदन में आपके ध्यान में यह लाना चाहता हूं कि सबसे पहले वक्फ अमेंडमेंट बिल में डिस्कशन का जो पुराना रिकॉर्ड था, जब एस्मा एक्ट पर वर्ष 1981 में चर्चा हुई थी तो उसमें 16 घंटे 51 मिनट तक डिस्कशन हुआ था। उसका रिकॉर्ड तोड़कर कल राज्य सभा में 17 घंटे 2 मिनट तक, आज तक की हिस्टोरिक सबसे लंबी चर्चा करके, किसी बिल को पारित किया गया।

मैं लोक सभा के भी पूरे मेम्बर्स को धन्यवाद देता हूं और अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने देर रात तक बैठकर कामकाज किया। … (व्यवधान) मेरे पास एक ही मुद्दा है। कई सांसद मेरे पास आए थे और उन्होंने आकर मुझसे कहा कि इतनी मेहनत करने के बावजूद भी दूसरे सदन के एक सदस्य ने यह एलिगेशन लगाया कि बिना चर्चा के, बुलडोज करके बिल पास किया गया है। … (व्यवधान) इतनी मेहनत करके और इतनी देर तक चर्चा करके, नियम और प्रॉसेस को फॉलो करते हुए काम करने के बाद तारीफ करने की जगह यह कहा गया कि बुलडोज करके बिल पास किया गया।

1203 hours

*(At this stage, Shri B. Manickam Tagore and some other hon. Members came and stood near the Table)*

अध्यक्ष महोदय, इसके लिए मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप इस संबंध में एक एप्रोप्रिएट रूलिंग या ऑर्डर दें।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने बताया कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ सदस्य, जो इस सदन की सदस्य रह चुकी हैं, वर्तमान में दूसरे सदन की सदस्य हैं, बाहर सदन के परिसर में उनके द्वारा वक्तव्य दिया गया कि सदन द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक जबर्दस्ती पारित किया गया। वक्फ संशोधन विधेयक पर सदन द्वारा 13 घंटे 53 मिनट तक चर्चा की गई, जिसमें सभी दलों के 61 सदस्यों ने अपने विचार रखे। इस विधेयक पर तीन बार मत विभाजन हुआ।

यह विधेयक सदन के नियमों के अनुसार पारित किया गया। इसलिए, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि सदन द्वारा देर रात तक बैठकर इतनी लंबी चर्चा के बाद भी नियमानुसार पारित किए गए एक विधेयक के माध्यम से सदन की कार्यवाही पर एक वरिष्ठ सदस्य द्वारा प्रश्न उठाना उचित नहीं है और यह संसदीय लोकतंत्र की मर्यादा के अनुरूप भी नहीं है।

… (व्यवधान)

## विदाई संबंधी उल्लेख

1204 बजे

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, अब हम 18वीं लोक सभा के चौथे सत्र की समाप्ति की ओर बढ़ रहे हैं। यह सत्र 31 जनवरी, 2025 को प्रारंभ हुआ था। इस सत्र में हमने 26 बैठकें की तथा कुल उत्पादकता लगभग 118 प्रतिशत रही।

माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा पर 173 माननीय सदस्यों ने भागीदारी की। इसी प्रकार केन्द्रीय बजट पर चर्चा में 169 सदस्यों ने भाग लिया।

सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए तथा वक्फ संशोधन विधेयक सहित कुल 16 विधेयक पारित किए गए।

दिनांक 3 अप्रैल 2025 को शून्य काल में 202 सदस्यों ने लोक महत्व के विषय सदन में उठाए, जो अभी तक किसी भी लोक सभा के लिए एक दिन में अवलिम्ब लोक महत्व के दौरान उठाए गए विषयों का रेकॉर्ड है।

(1205/MM/SNT)

माननीय सदस्यगण, मैं सभा की कार्यवाही को पूरा करने में सभापति तालिका में शामिल अपने माननीय साथियों, माननीय प्रधानमंत्री, संसदीय कार्य मंत्रियों, नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न दलों के नेताओं और माननीय सदस्यों, लोक सभा सचिवालय के महासचिव और सचिवालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों एवं सम्बद्ध एजेंसियों को भी उनके द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए धन्यवाद देता हूँ। … (व्यवधान)

माननीय सदस्यगण, कृपया अब आप अपने स्थान पर खड़े हो जाएं क्योंकि अब "वन्दे मातरम्" की धुन बजाई जाएगी।

(राष्ट्रीय गीत की धुन बजाई गई।)

1206 बजे

तत्पश्चात लोक सभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित हुई।